# दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे समेत कई विकास कार्यों की पीएम ने की समीक्षा

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विभिन्न राज्यों में केंद्र से संबंधित विकास कार्यों की समीक्षा की। इनमें प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना (पीएमजीएसवाई), सिंगल यूज प्लास्टिक और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे। मुख्य सचिव आरके तिवारी ने उन्हें प्रगति के बारे में बताया।

**मुख्य सचिव ने प्रगति की दी जानकारी**

उन्होंने बताया कि दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे के लिए एनएचएआई को शत प्रतिशत भूमि हस्तांतरित कर दी है। इसका निर्माण एनएचएआई के क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली की देखरेख हो रहा है। राज्य सरकार को जो कार्य करने थे, उन्हें पूरा कर दिया गया है। साथ ही बताया कि पीएमजीएसवाई के फेज-1 और फेज-2 की समीक्षा में भी यूपी का काम काफी अच्छा मिला। इस मामले में यूपी ने सबसे अच्छे काम करने वाले राज्यों में जगह बनाई।

मुख्य सचिव ने बताया कि यूपी ने सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग कम करने में काफी सफलता पाई है। वेस्ट प्लास्टिक का इस्तेमाल करके सड़कें भी बनाई गई हैं। मथुरा में इससे तेल बनाने की फैक्टरी भी लगाई गई है। प्रधानमंत्री ने प्लास्टिक के अन्य विकल्पों को अपनाए जाने पर जोर दिया। ब्यूरो